अद्‌यतन सूचना

कैल्शियम के साथ नीमयुक्त टूथपेस्ट में स्वास्थ्य के लिए अतिरिक्त जोखि़म पाए गए

दिनांक
तत्काल जारी करने के लिए

ओटावा – दिनांक 26 जुलाई, 2007 को जारी हैल्थ केनेडा चेतावनी के अतिरिक्त, भारत में कलकत्ता केमिकल कं. लिमिटेड द्वारा निर्मित कैल्शियम के साथ नीमयुक्त टूथपेस्ट के पुनः परीक्षण में पाया गया है कि डायथिलीन ग्लाइकोल (DEG) के अस्वीकार्य स्तरों के अलावा, इस उत्पाद में हानिकारक बैक्टीरिया के उच्च स्तर भी मौजूद हैं। इससे विशेषकर बच्चों और कमज़ोर प्रतिरक्षण प्रणाली वाले व्यक्तियों को स्वास्थ्य के अतिरिक्त बड़े जोखिम हो सकते हैं।

हैल्थ केनेडा केनेडावासियों को इस उत्पाद का इस्तेमाल न करने की सलाह देता है। अन्तर्ग्रहित किए जाने वाले उत्पादों जिनमें हानिकारक बैक्टीरिया के अस्वीकार्य स्तर होते हैं, के विपरीत प्रभावों में बुखार, मूत्र संक्रमण और गैस्ट्रोइंटेस्टिनल लक्षण जैसे उल्टी, डायरिया और पेट दर्द शामिल हैं। शिशु, बच्चे और अतिसंवेदनशील लोग जैसे गंभीर बीमारियों के कारण अस्पताल में भर्ती हुए लोग अथवा कमज़ोर प्रतिरक्षण प्रणाली वाले लोग इन प्रभावों की चपेट में जल्दी आ जाते हैं। अत्यधिक उल्टी और डायरिया के कारण जानलेवा डीहाइड्रेशन की संभावना हो सकती है। हालांकि टूथपेस्ट निगली नहीं जाती है, लेकिन आमतौर पर छोटे बच्चे इन्हें निगल लेते हैं।

नीमयुक्त टूथपेस्ट को केनेडा में बिक्री के लिए अनमोदित नहीं किया गया है। फ्लोराइड युक्त टूथपेस्ट जिन्हें केनेडा में बिक्री के लिए अनुमोदित किया गया है, पर या तो एक आठ अंकों वाला ड्रग आइडेंटिफिकेशन नंबर (DIN) या एक नैचुरल प्रॉडक्ट नंबर (NPN) होगा।

इस विषय पर अतिरिक्त अद्‌यतन जानकारी और टूथपेस्ट पर पिछली स्वास्थ्य संबंधी चेतावनियों (http://www.hc-sc.gc.ca/ahc-asc/media/advisories-avis/2007/2007_79_e.html) के लिए उपभोक्ताओं को हैल्थ केनेडा की वेबसाइट (www.healthcanada.gc.ca) देखने की सलाह दी जाती है।

इस सलाह के बारे में अधिक जानकारी चाहने वाले उपभोक्ता हैल्थ केनेडा की सार्वजनिक पूछताछ लाइन से (613) 957–2991, या निःशुल्क नंबर 1–866–225–0709 पर संपर्क कर सकते हैं।

– 30 –

Également disponible en français

मीडिया पूछताछः
हैल्थ केनेडा
(613) 957–2983

सार्वजनिक पूछताछः
(613) 957–2991
1–866 225–0709